दिन– गुरूवार | दिनांक– 17 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. महागठबंधन दलों की पटना में हुई बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में समन्वय समिति बनाने का लिया गया फैसला। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर नहीं बनी सहमति।

02. भाजपा ने किया दावा – विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता महागठबंधन को पूरी तरह से नकार देगी।

03. वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिया अंतरिम आदेश। वक्फ बोर्ड पर केंद्र का जवाब आने तक वक्फ संपत्ति की स्थिति नहीं बदलेगी।

04. और, बिल्डर से रंगदारी मांगने के मामले में दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण। भेजे गए जेल।

---

विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के दलों के बीच समन्वय के लिए तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में को–ऑर्डिनेशन कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया है। ये समिति विभिन्न मुद्दों पर घटक दलों के बीच ताल–मेल बनाने का कार्य करेगी। राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वाम दल समेत महागठबंधन में शामिल दलों की आज पटना में आयोजित बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। राजद के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, वामपंथी दलों के वरिष्ठ नेता और विकासशील इंसान पार्टी के नेता मुकेश सहनी समेत महागठबंधन दलों के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने बताया कि बैठक में सार्थक चर्चा हुई और सर्वसम्मति से एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय किया गया है।

———बाइट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि महागठबंधन सभी मुद्दों पर एकजुट है।

———बाइट———

वहीं, विकासशील इंसान पार्टी, वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि महागठबंधन में कोई किंत–परंतु नहीं है।

–––बाइट–––

इधर, विभिन्न दलों के बीच सीट बंटवारा और मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा– इन सवालों से महागठबंधन के नेता बचते नजर आए।

---

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृतव में बिहार में एनडीए सरकार जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में सीएम की जगह खाली नहीं है। श्री राय ने कहा कि चुनाव तक राजद और कांग्रेस के बीच नूरा कुश्ती जारी रहेगी।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि राज्य की जनता ने महागठबंधन को पहले ही नकार दिया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री हुसैन ने कहा कि महागठबंधन को बैठकों से कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बिहार एनडीए में नेतृत्व को लेकर कोई विवाद नहीं है, जबकि महागठबंधन का नेता अभी तक तय नहीं है। श्री हुसैन ने कहा कि सीट समझौते और मुख्यमंत्री के पद के चेहरे के लिए महागठबंधन के दलों में घमासान होने वाला है।

–––बाइट–––

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि महागठबंधन के नेताओं में विकास की राजनीति पर बात करने का नैतिक बल नहीं है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के दल अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए इक्ट्ठा हो रहे हैं।

–––बाइट–––

---

वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आज अंतरिम आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड पर केंद्र का जवाब आने तक वक्फ संपत्ति की स्थिति नहीं बदलेगी। न्यायालय ने यह भी कहा है कि कोर्ट से वक्फ घोषित संपत्ति चाहे वक्फ बाय यूजर हो या वक्फ बाय डीड, डी–नोटिफाईड नहीं होगी। इसके साथ ही वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में अभी कोई नई नियुक्ति नहीं होगी। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को सात दिनों के अंदर जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता वरूण कुमार सिन्हा ने आज की सुनवाई के संबंध में विस्तार से बताया है।

–––बाइट–––

---

भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की है। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल तेरह मई को समाप्त हो रहा है। चौदह मई को श्री गवई देश के बावनवें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। न्यायमूर्ति गवई तेईस नवम्बर दो हजार पच्चीस तक इस पद पर अपनी सेवा देंगे।

---

एक बिल्डर से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार आरोपित दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव ने आज दानापुर व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसी मामले में कई अन्य आरोपियों ने भी आत्मसमर्पण किया है। अदालत ने इन सभी को न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया है। इस मामले में पिछले दिनों पुलिस और एसटीएफ ने विधायक के ग्यारह ठिकानों पर छापेमारी की थी।

---

निगरानी विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में आज पूर्णिया के जिला बंदोबस्त पदाधिकारी मुकुल कुमार झा के भागलपुर, पूर्णिया और पटना स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। निगरानी विभाग के उपाधीक्षक शशि शेखर ने बताया कि मुकुल कुमार झा के हाजीपुर में अंचलाधिकारी के पद पर कार्यरत रहते हुए छप्पन लाख

रूपये से अधिक की अवैध संपत्ति का पता चला था। इसी मामले में यह छापेमारी की गई है।

---

राज्य के पूर्वी भागों में कई स्थानों पर काल बैसाखी के प्रभाव से आंधी–पानी, मेघगर्जन और वज्रपात की घटना हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांका के रजौन में सबसे अधिक बाईस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, भागलपुर, मुंगेर, सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत राज्य के उतर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–पानी, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

हमारे सीतामढ़ी संवाददाता ने बताया है कि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आज दोपहर बाद से बारिश और ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल के साथ ही आम–लीची की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि राज्य के भूमिहीन परिवारों को जमीन खरीदने के लिए सरकार एक–एक लाख रूपये की राशि देगी। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सरावगी ने कहा कि प्रदेश के सभी पंचायतों में चलाए जा रहे भूतिहीन सर्वेक्षण के दौरान अबतक एक लाख चौबीस हजार भूमिहीन व्यक्तियों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को या तो जमीन उपलब्ध कराई जाएगी या जमीन खरीदने के लिए राशि दी जाएगी।

–––बाइट–––

---

मिथिला प्रक्षेत्र की डीआईजी डॉ. स्वपना गौतम मेश्राम ने आज मधुबनी जिले के झंझारपुर में विदेश्वर स्थान में प्रधानमंत्री प्रस्तावित रैली स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंध का जायजा लिया।

सुपौल स्थित एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अड़तीस पास आउट जवानों को कोर्स पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र दिये गए।

शेखपुरा जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी रोड में दो ऑटो गैरज में छापेमारी कर प्रशासनिक दल ने दो बाल मजदूरों को मुक्त करा लिया। इन दोनों को जिला बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. महागठबंधन दलों की पटना में हुई बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में समन्वय समिति बनाने का लिया गया फैसला। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर नहीं बनी सहमति।

02. भाजपा ने किया दावा – विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता महागठबंधन को पूरी तरह से नकार देगी।

03. वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिया अंतरिम आदेश। वक्फ बोर्ड पर केंद्र का जवाब आने तक वक्फ संपत्ति की स्थिति नहीं बदलेगी।

04. और, बिल्डर से रंगदारी मांगने के मामले में दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण। भेजे गए जेल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।